**QUICK NEWS**

## राहुल गांधी का ट्वीटर अकाउंट सस्पेंड

**मुंबई.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी का ट्वीटर अकाउंट अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया गया है. इसके खिलाफ कांग्रेस विधायक जीशान सिद्दीकी की अगुवाई में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित ट्वीटर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया. इस दौरान कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के दबाव में राहुल गांधी का ट्वीटर अकाउंट सस्पेंड किया गया है. कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड़ तोड़कर ट्वीटर के कार्यालय में घुसने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया. राहुल गांधी हाल ही में दिल्ली में एक रेप पीड़िता के परिवारों से मिले थे. और उनके माता-पिता की एक तस्वीर ट्वीट की थी. इसके बाद दिल्ली पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई की गई कि राहुल ने पीड़ित परिवार की पहचान दुनिया के सामने उजागर कर दी है.

# 28,364 करोड़ का बीमा रिफंड क्लेम

## बीमा कंपनियों के सामने खड़ा हुआ आर्थिक संकट

**03** माह में 12.20 लाख मरीजों ने मेडिक्लेम फाइल किया

■ **ठाणे, (सं)** देश में कोरोना के आने के बाद अप्रैल- 2020 से मार्च 2021 के बीच 9 लाख 86 हजार कोरोना मरीजों ने बीमा कंपनियों के पास स्वास्थ्य बीमा रिफंड का क्लेम दायर किया है. हालांकि अप्रैल से जून 2022 तक सबसे ज्यादा 12 लाख 20 हजार मरीजों ने मेडिक्लेम फाइल किया है. कोविड काल के दौरान पहले साल में 13,804 करोड़ रुपए का क्लेम किया गया था, जो पिछले 3 महीने में बढ़कर 14,560 करोड़ रुपए हो गई है. इस तरह क्लेम की राशि अब 28364 करोड़ रुपए हो गई है. कोरोना की दूसरी लहर में किए गए क्लेम ने बीमा कंपनियों के लिए बड़ा आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है.



### पहले साल में 13,804 करोड़ रुपए का किया गया क्लेम

मार्च- 2020 में भारत कोरोना की चपेट में आया था. अप्रैल से सितंबर तक कोरोना दहशत की स्थिति में था. हालांकि मरीजों की संख्या अपेक्षाकृत कम थी, लेकिन इलाज को लेकर काफी भ्रम की स्थिति थी. नवंबर के बाद कोरोना महामारी कम होना शुरू हो गया. स्वास्थ्य बीमा निकालने वाले कोरोना से संक्रमित और अस्पताल में भर्ती मरीजों ने अपने इलाज के खर्च के लिए बीमा कंपनियों के पास दावा दायर किया था. वित्तीय वर्ष अप्रैल 2020 से मार्च 2021 में नौ लाख 86 हजार मरीजों ने इन कंपनियों से 13,800 करोड़ रुपए प्रतिपूर्ति की मांग की थी. इसमें से 9,817 करोड़ रुपए इन मरीजों को दिए जा चुके हैं.

### बीमा निकालने वाले मरीजों की संख्या में हुई भारी वृद्धि

मार्च- 2021 के दौरान महामारी फिर से तेजी के साथ फैलता दिखा. दूसरी लहर ने सचमुच लोगों की भयावाह की पराकाष्ठा दिखा दी. पहली लहर में एक दिन में मिले मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा 97 हजार थी. वहीं दूसरी लहर में यह उछलकर 4 लाख 40 हजार पर पहुंच गया. हालांकि रोगियों की संख्या चौगुनी हो गई, लेकिन बीमारी का जोखिम कुछ हद तक कम हो गया. मरीजों के इलाज के लिए प्रोटोकॉल भी तय किया गया था. नतीजतन इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होने की दर भी अपेक्षाकृत कम थी. उसके बाद भी जनरल इंश्योरेंस ऑफ इंडिया के अनुसार पिछले साल की तुलना में इस साल के पहले 3 महीनों में अधिक मरीज भर्ती हुए हैं.

### 7833 करोड़ का दिया रिफंड

अप्रैल से जून 2021 तक के 3 महीनों में 12 लाख 20 हजार मरीजों ने 14,560 करोड़ रुपए के दावे किए हैं. इसमें से इन मरीजों को 7,833 करोड़ रुपए का रिफंड दिया गया है और अन्य मरीजों के दावों पर विचार किया जा रहा है. कोरोना संक्रमण के दौरान बीमा कंपनियों द्वारा मरीजों को दी जाने वाली बीमा राशि बढ़कर 17,000 करोड़ रुपए हो गई है.

### प्रीमियम के साथ रिफंड बढ़ा

देश में कोरोना महामारी फैलने के बाद इस पर होने वाले इलाज के खर्च ने भी कई लोगों के मन में दहशत पैदा कर दी. परिणाम स्वरूप इस अवधि के दौरान स्वास्थ्य बीमा कवरेज में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई. भारतीय बीमा नियामक प्राधिकरण ने भी जुलाई 2010 से आम जनता को बीमा कवर प्रदान करने के लिए दो नीतियां, कोरोना कवच और कोरोना रक्षक शुरू की थी.

**शासन मुहैया नहीं करा रहा पर्याप्त स्टॉक**

# वैक्सीन की कमी से जूझ रहे भिवंडीकर

■ **भिवंडी, (सं)** केंद्र एवं राज्य सरकार कोरोना संक्रमण बचाव हेतु टीकाकरण पर लगातार जोर दे रही है, लेकिन भिवंडी में वैक्सीन का पर्याप्त डोज का स्टॉक नहीं मिलने से लोगों का टीकाकरण होना कठिन हो गया है. शासन से पर्याप्त वैक्सीन का डोज नहीं मिलने से भिवंडी मनपा द्वारा चलाए जा रहे 10 टीकाकरण सेंटर में से केवल 2 सेंटरों पर ही टीकाकरण को अंजाम दिया जा रहा है. पावरलूम नगरी में कोरोना महामारी से सुरक्षा हेतु टीकाकरण न होने से शासन की कार्यप्रणाली के प्रति लोगों में भारी नाराजगी फैल रही है.




### 10 में से 2 टीकाकरण सेंटर ही शुरू

गौरतलब हो कि वैश्विक महामारी कोरोना से सुरक्षा के लिए सावधानी वश केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बारंबार लोगों से टीकाकरण कराए जाने पर जोर दिया जा रहा है. टीकाकरण की शुरुआत हुए करीब 8 माह हुए बावजूद भिवंडी में कुल आबादी का 10% भी वैक्सीन टीकाकरण नहीं हो पाया है. वैक्सीन का समुचित स्टॉक नहीं मिलने की वजह से मनपा प्रशासन के अथक प्रयासों के बावजूद टीकाकरण की गति बहुत धीमी है. टीकाकरण की शुरुआत में भिवंडी मनपा द्वारा कुल 10 टीकाकरण सेंटर खोलकर टीकाकरण किया जा रहा था लेकिन पर्याप्त वैक्सीन का स्टॉक नहीं मिलने से मनपा ने 8 टीकाकरण सेंटर को बंद कर दिया और केवल 2 टीकाकरण सेंटरों पर ही टीकाकरण जारी है.

### 2-3 दिनों के उपरांत मिल रहा 2000 डोज

मनपा सूत्रों की मानें 2-3 दिन के उपरांत शासन द्वारा 2000 वैक्सीन डोज मनपा स्वास्थ्य विभाग को प्रदान की जा रही है जो भिवंडी की आबादी के हिसाब से ऊंट के मुंह में जीरा के समान है. भिवंडी मनपा स्वास्थ्य विभाग के अनुसार विगत 8 माह में भिवंडी मनपा द्वारा करीब 1 लाख 20 हजार लोगों का टीकाकरण किया गया है जिसमें फ्रंटलाइन, हेल्थलाइन, सीनियर सिटीजन, सरकारी नौकरीपेशा सहित 18-45 वर्ष आयु के लोग शामिल हैं. मनपा द्वारा शुरू 2 टीकाकरण सेंटरों पर भारी भीड़ टीकाकरण के लिए जमा हो जाती है जिसे नियंत्रित करना टेढ़ी खीर साबित होता है.

### अब तक सिर्फ 10 % लोगों को टीका लग पाया

टीकाकरण सेंटरों पर शासन के निर्देशों 'मुंह पर मास्क, 2 गज दूरी' की धज्जियां उड़ रही हैं. टीकाकरण सेंटरों पर असंख्य लोग येनकेन प्रकारेण टीकाकरण कराए जाने के लिए जीतोड़ कसरत करते दिखाई पड़ते हैं. भिवंडी शहर की आबादी को देखते हुए टीकाकरण का आंकड़ा 10% तक भी नहीं पहुंच सका है. जो गंभीर चिंता का विषय है.

### तीसरी लहर की आशंका से लोग भयभीत

शासन द्वारा बारंबार अगस्त माह के आखिरी समय में वैश्विक महामारी कोरोना की तीसरी आने का अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है. कोरोना सुरक्षा हेतु टीकाकरण नहीं कराने वाले लाखों लोग स्वास्थ्य सुरक्षा की चिंता से ग्रसित हो गए हैं. टीकाकरण नहीं पाने वाले लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से वैक्सीन टीकाकरण बेहद जरूरी है लेकिन पर्याप्त डोज का स्टॉक नहीं आने की वजह से टीकाकरण नहीं हो पा रहा है. कई नागरिकों ने चिंता जताते हुए कहा कि टीकाकरण नहीं होना एवं तीसरी लहर के अंदेशे से रातों की नींद गायब हो गई है. भिवंडी मनपा द्वारा खुदाबख्श हाल एवं मनपा शाला 75 भाग्य नगर में वैक्सीन टीकाकरण किया जा रहा है. मनपा द्वारा प्रतिदिन 2 सेंटरों पर करीब 700-800 लोगों का टीकाकरण प्रतिदिन किया जा रहा है.



### 10 हजार लोगों को टीका लगाने की तैयारी

उक्त संदर्भ में मनपा प्रमुख वैद्यकीय अधिकारी डॉक्टर कारभारी खरात का कहना है कि मनपा स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक नागरिक को टीकाकरण के लिए प्रतिबद्ध है. शासन से वैक्सीन की जो डोज मिल रही है वह लोगों को लगाई जा रही है. शासन द्वारा प्रचुर मात्रा में वैक्सीन डोज मिलने पर बंद किए गए सभी 8 टीकाकरण सेंटरों को तत्काल खोल दिया जाएगा. मनपा द्वारा वैक्सीन की प्रचुर मात्रा मिलने पर करीब 10 हजार लोगों को प्रतिदिन वैक्सीन टीकाकरण की तैयारी की गई है.

# ग्रामीणों ने निकाला मशाल मोर्चा



■ **नवी मुंबई, (का.प्र).** पनवेल के पास बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को किसानों के नेता स्व. दि.बा पाटिल का नाम देने की मांग नवी मुंबई के परियोजना से विस्थापित हुए नवी मुंबई के किसानों के द्वारा की जा रही है. जिसे राज्य सरकार गंभीरता से नहीं ले रही है. अपनी इसी मांग को लेकर परियोजना से विस्थापित किसानों के द्वारा सोमवार को नवी मुंबई के हर गांव में मशाल मोर्चा निकाला गया.

### भारी संख्या में लोग हुए शामिल

स्व. दि.बा पाटिल नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नामकरण सर्वपक्षीय कृति समिति के पदाधिकारियों के नेतृत्व व मार्गदर्शन यह मशाल मोर्चा निकाला गया. जिसमें नवी मुंबई के सभी गांवों विस्थापितों ने हिस्सा लिया. इस मशाल मोर्चा की शुरुआत सुबह 10 बजे जासई गांव से हुई. जिसके बाद नवी मुंबई के हर गांव में मशाल जलाकर नवी मुंबई हवाई अड्डा को दि.बा.पाटिल का नाम देने की मांग राज्य सरकार से की गई. बोनकोडे में भाजपा के नेता संदीप नाईक के नेतृत्व में मशाल मोर्चा निकाला गया. जिसमें सागर नाईक, लीलाधर नाईक, प्रदीप म्हात्रे व यहां के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया.

# डेल्टा के 4 मरीज मिले

## जिला प्रशासन की बढ़ी चिंता

■ **ठाणे, (सं)** जिले में डेल्टा वायरस के 4 मरीज होने की बात सामने आई है. मरीजों के मिलने के बाद से जिला प्रशासन सतर्क हो गया है. स्वास्थ्य कर्मी इन मरीजों के संपर्क में रहे लोगों की तलाश में जुटे हैं. पिछले दिनों जिलाधिकारी कार्यालय में हुई बैठक में यह सूचना सभी को दी गयी. इसमें से एक मरीज नवी मुंबई और शेष तीनों ठाणे के हैं. मरीजों में 2 पुरुष और 2 महिला हैं. इनकी उम्र 22 से 55 तक बताई गई है और सभी ठीक बताए गए हैं. जिला प्रशासन सभी पर नजर बनाए हुए हैं.



रिकवरी रेट 98.05 फीसदी है. मरीजों की जानकारी संबंधित मनपा को दी गई है. उनके संपर्क में रहे लोगों की खोज की जा रही है. मरीजों की जांच रिपोर्ट दिल्ली भेजी गई है. उक्त मनपा की पूरी रिपोर्ट आने के बाद आगे की उपाय योजना निश्चित की जाएगी'
-डॉक्टर कैलाश पवार
(जिला शल्य चिकित्सक, ठाणे)

# 159 लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई


**ठाणे, (सं)** गटारी का पार्टी करना 115 वाहन चालकों को भारी पड़ गया हैं. क्योंकि ठाणे ट्रैफिक पुलिस द्वारा 115 वाहन शराबी चालकों सहित कुल 159 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई. शनिवार व रविवार के दिन की गई कार्रवाई के दौरान कोपरी पुलिस स्टेशन की सीमा में 4, नौपाडा, कलवा और भिवंडी की सीमा में 3-3, वागले इस्टेट में 8, कापुरबावडी में 11, राबोडी में 1, मुंब्रा में 20, नारपोली तथा कोलसेवाड़ी में 9, उल्हासनगर और कोनगांव में 10-10, कल्याण में 12, डोंबिवली और अंबरनाथ में 5-5, विठ्ठलवाड़ी में 2 वाहन चालकों के ख़िलाफ मोटर वेहिकल एक्ट सेक्शन 185 के तहत कार्रवाई की गई.

## उत्पादन शुल्क विभाग का निर्णय

# शराब की भट्टियों पर होगी ड्रोन की नजर

■ **ठाणे, (सं)** उत्पादन शुल्क विभाग ने शराब की भट्टियों पर कार्रवाई करने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल का निर्णय लिया है. ड्रोन 5 किलोमीटर तक की निगरानी करने में सक्षम है. अधिकारियों के मुताबिक ठाणे खाडियों में अवैध रूप से शराब की भट्टियों पर कार्रवाई के लिए यह निर्णय लिया गया है. इस निर्णय से शराब की भट्टियों को ध्वस्त कर जनता की सुरक्षा की जा सकती है.

बता दें कि ठाणे जिले के कुछ ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ चालियों में भी शराब तस्करों के गिरोह सक्रिय हैं. तस्कर ठाणे की खाड़ी में कांटों की झाड़ियों को काटकर कंटीली झाड़ियों के अंदर तथा वन क्षेत्र में शराब की भट्टियां चला रहे हैं. इन शराब की भट्टियों पर कार्रवाई से निपटने के लिए आबकारी विभाग को नाव से और पैदल ही पहाड़ी, जंगली इलाकों तक जाना पड़ता है.



### 70 लाख होगा खर्च

ड्रोन द्वारा कार्रवाई करने का निर्णय ठाणे आबकारी विभाग द्वारा लिया गया है. आबकारी विभाग ने जिला प्रशासन से बात की थी. जिला नियोजन कोष से ठाणे आबकारी विभाग को 70 लाख रुपए का ड्रोन मुहैया करवाया गया है. यह ड्रोन डेढ़ किलोमीटर तक ऊंची उड़ान भर सकता है साथ ही 5 किलोमीटर तक स्पष्ट चित्र अर्जित कर सकता है. सबूत के तौर पर कार्रवाई का रिकॉर्ड भी आबकारी विभाग के पास उपलब्ध रहेगा और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है.

### ऐसे किया जाएगा ड्रोन का उपयोग

ठाणे जिला आबकारी विभाग अधिक्षक नितिन घुले ने बताया कि आबकारी विभाग को ड्रोन जिला योजना कोष से प्राप्त हुआ है. इस ड्रोन का इस्तेमाल जल्द ही कार्रवाई के लिए किया जाएगा. ड्रोन से आरोपियों पर मुकदमा चलाने और उन्हें गिरफ्तार करने में आसानी होगी. आबकारी अधिकारी ड्रोन को शराब भट्टी परिसर में उड़ाएंगे. यह ड्रोन 5 किलोमीटर की दूरी तक का दृश्य स्पष्ट ग्रहण कर सकता है. यह ड्रोन जहां भी जाएगा. इसका प्रसारण अधीक्षक को सीधे उनके कार्यालय में कंप्यूटर पर उपलब्ध होगा. ड्रोन तस्कर के किस दिशा में भागने की जानकारी भी देगा.

# महाविकास आघाड़ी का गठबंधन नहीं !

## स्थानीय निकाय चुनाव ,एनसीपी प्रवक्ता नवाब मलिक का ख़ुलासा

■ **मुंबई, (सं)** 14 नगर निगम और जिला परिषद चुनाव के होने वाले चुनाव को लेकर राज्य में सरगर्मी बढ़ गई है. वहीं अब इन चुनावों को लेकर कांग्रेस के बाद एनसीपी ने भी आत्मनिर्भरता का नारा दिया है. एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नवाब मलिक ने स्पष्ट किया है, कि स्थानीय स्तर पर कोई महाविकास आघाड़ी का गठबंधन नहीं होगा. उन्होंने कहा कि हमारी स्पष्ट स्थिति है, कि चुनाव स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ही होंगे. इसलिए यहां भाजपा के खिलाफ महाविकास आघाड़ी जैसी कोई बात नहीं है. मलिक ने कहा कि जिन जगहों पर बीजेपी का वजूद नहीं है, वहां एनसीपी और कांग्रेस आमने-सामने लड़ रहे हैं, तो कहीं एनसीपी के खिलाफ शिवसेना खड़ी है. मलिक ने कहा कि दो दलों के साथ गठबंधन बनाने का फैसला या फिर तीनों दल अपने दम पर चुनाव लड़ेंगे, यह स्थानीय स्थिति पर निर्भर करेगा.



महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी एक साथ है, लेकिन स्थानीय स्तर पर एक साथ आने को लेकर किसी भी पार्टी की भूमिका नहीं है. मलिक ने कहा कि इस बारे में स्थानीय नेताओं की भूमिका के हिसाब से फैसला लिया जाएगा. इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने भी स्थानीय निकाय के चुनाव अपने दम पर लड़ने की घोषणा की है.

# 12 घंटे ड्यूटी व 24 घंटे की छुट्टी पर विचार

## पुलिस महानिदेशक संजय पांडे ने दिया आशवासन

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** राज्य के पुलिस महानिदेशक संजय पांडेय ने आश्वासन दिया कि 12 घंटे की ड्यूटी और 24 घंटे की छुट्टी पर विचार हो रहा है. पांडे ने रविवार को फेसबुक लाइव के माध्यम से राज्य भर में पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना. इस दौरान उन्होंने उनके सवालों का जवाब भी दिया. पांडे ने महाराष्ट्र पुलिस दल में बड़े बदलाव के भी संकेत दिए हैं. राज्य के पुलिस महानिदेशक संजय पांडेय ने रविवार को फेसबुक लाइव के जरिए राज्य भर के कई पुलिसकर्मियों से बातचीत की. ऐसे में पुलिसकर्मियों को क्या दिक्कत हो रही है?



पांडेय ने इस बारे में जानने की कोशिश की और उन्होंने उसका समाधान निकालने का वादा किया. विभिन्न मुद्दों जैसे तबादलों, पुलिस आवासों, पदोन्नति और भत्तों आदि पर कई लोगों ने कमेंट बॉक्स से फेसबुक लाइव में सीधे डीजी पांडे से सवाल किए और उन्होंने उनके सवालों का लाइव जवाब भी दिया.

### घर को लेकर चल रही चर्चा

पांडे ने कहा कि पुलिस को 12 घंटे की ड्यूटी और 24 घंटे की छुट्टी दिलाने के लिए बातचीत चल रही है. पांडे ने स्पष्ट किया कि पुलिसकर्मियों के घर को लेकर चर्चा चल रही है. महाराष्ट्र पुलिस दल में भर्ती होने वाले सिपाही की 10 साल ड्यूटी के बाद हवलदार, 20 साल ड्यूटी के बाद सहायक पुलिस उप निरीक्षक एवं 30 साल ड्यूटी के बाद पुलिस उप निरीक्षक के पद पर बिना परीक्षा के पदोन्नति करने पर विचार किया जा रहा है.

# करंट लगने से युवक की मौत

**मुंब्रा, (सं)** करंट लगने से एक युवक की मौत होने की घटना मेक इंडस्ट्रीयल इस्टेट के नजदीक मुख्य मार्ग पर हुई है. जिससे परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. मिली जानकारी के अनुसार संजयनगर परिसर की जेपी सोसायटी में रहने वाले कल्लू शुक्ला का मेक के सामने वाहनों की साफ सफाई करने का सर्विस सेंटर है. जिसमें इनका बेटा संदीप शुक्ला भी काम करता था. दोपहर के समय वाहन पर पानी मारने के नोजल में बिजली का करंट उतर जाने से जोरदार झटका लगने से चपेट में आ गया. संदीप को तत्काल आनंद कोलीवाड़ा स्थित बुरहानी अस्पताल में इलाज के लिये ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर मुंब्रा पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करके शव को पोस्टमार्टम के लिए कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भेज दिया गया. इस घटना को लेकर मुंब्रा पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है.

**दरपत्रक सादर करणे बाबतचा जाहिरातीचा नमुना**

कार्यालयाचे नाव - पोलीस आयुक्त लोहमार्ग मुंबई कार्यालय
पोलीस आयुक्त लोहमार्ग मुंबई हे बंदीगृहातील कच्च्या आरोपींना जेवण पुरविणेबाबतचा ठेका देण्याकरीता मोहोरबंद दरपत्रक मागवित आहेत.
दरपत्रक सादर करण्याची अंतिम तारीख - २५/८/२०२१
दरपत्रक उघडण्याची तारीख व वेळ दिनांक - २७/८/२०२१ रोजी सकाळी ११.०० वाजता
१) दरपत्रक कागदपत्रांच्या तपशील mumbairly police.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.
२) कोणत्याही स्पष्टीकरणाकरीता दरपत्रकधारकांनी दुरुध्वनी क्रमांक २३७५९२०१ शी संपर्क साधावा.
३) दरपत्रक पाठविण्यासाठी /पत्रव्यवहाराठी पत्ता.
पोलीस आयुक्त, लोहमार्ग मुंबई यांचे कार्यालय
मध्य रेल्वे कार्यालय इमारत, चौथा मजला
पी.डी.मेला रोड वाडी बंदर मुंबई, ४०००१०.
ईमेल - cp.railway.mumbai@mahapolice.gov डीजीआयपीआर २०२१/२०२२/१४८३

## सोशल मीडिया पर दोस्ती पड़ी महंगी

# अध्यापिका से उदयपुर में बलात्कार

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** एक अध्यापिका को सोशल मीडिया पर दोस्ती करना महंगा पड़ा. वह राजस्थान में बलात्कार की शिकार हो गयी. उदयपुर पुलिस ने इस मामले में एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया है. गोगुंदा पुलिस के मुताबिक मुंबई के खारघर की रहने वाली महिला ने करीब 12 साल पहले अपने पति को तलाक दे दिया था. महिला अपने बच्चे के साथ रहती है. वह मुंबई में इंजीनियरिंग कोचिंग संस्थान चलाती हैं. महिला हाल ही में उदयपुर के सेक्टर-3 निवासी नीरज मरोठिया से फेसबुक के जरिए संपर्क में आयी और उनकी दोस्ती हो गयी. इस दौरान उन्होंने अपने नंबर भी शेयर किए. अच्छी दोस्ती के बाद आरोपी ने महिला से शादी का वादा किया और उसे उदयपुर आने को कहा. महिला 9 जुलाई को प्रोफेसर से मिलने उदयपुर पहुंची थी.

# बाढ़ ग्रस्तों को जल्द मिले बीमा का पैसा

## देवेंद्र फडणवीस ने निर्मला सीतारमण से की मांग



■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** महाराष्ट्र के कोंकण एवं पश्चिम महाराष्ट्र में हाल ही में आयी बाढ़ से प्रभावितों बीमा का पैसा शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण से की है. फडणवीस ने विधानपरिषद में विपक्ष के नेता प्रवीण दरेकर के साथ सीतारमण से मुलाकात की. फडणवीस ने केंद्रीय वित्त मंत्री को बताया कि बाढ़ की वजह से लोगों का बहुत नुकसान हुआ है. बीमा की राशि तुरंत मिलने से दुकानदारों को राहत मिलेगी. उन्होंने मुंबई की स्वयंपुनर्विकास योजना के लिए राज्य सहकारी बैंक, जिला सहकारी बैंक को आर्थिक सहायता के लिए अनुमति देने की भी मांग की.

**IDBI BANK**
CIN No: L65190MH2004GOI148838
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
आईडीबीआई बिल्डिंग,
9 वी मंजिल, प्लॉट- 39/40/41, सेक्टर-11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400614
सीआईएन: L65190MH2004GOI148838
**फ्लोटर मेडिक्लेम पॉलिसी के लिए निविदा सुचना**
आईडीबीआई बैंक द्वारा प्रसिद्ध बीमा कंपनियों से फ्लोटर मेडिक्लेम पॉलिसी के लिए मुहर बंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं. **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 31 अगस्त, 2021 हैं.** विस्तृत विवरण के लिए कृपया आईडीबीआई बैंक के वेबसाइट **www.idbibank.in** पर देखें.
स्थान : मुंबई उमप्र - (एपीयू)
दिनांक: 10/08/2021 प्रशासन

# नई शिक्षा नीति के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन

### शिक्षा के निजीकरण रोका जाए

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** मुंबई यूनिवर्सिटी, एसएनडीटी यूनिवर्सिटी, कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारी संघों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को ग्रांट रोड स्टेशन के बाहर आंदोलन किया और मांग की कि सरकार राज्य में केंद्र सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति को लागू न करे और केंद्र की इस नीति के खिलाफ आंदोलन किया. केंद्र की यह नीति देश की सारी सब्सिडी वाली शिक्षा व्यवस्था को तहस-नहस करने वाली है. शिक्षक विधायक कपिल पाटिल ने कहा कि हमने 9 अगस्त को क्रांति दिवस को सही ठहराते हुए विभिन्न संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन शिक्षण बचाओ मंच के माध्यम से यह आंदोलन शुरू किया है, क्योंकि यह नई शैक्षिक असमानता पैदा करेगा. अगस्त क्रांति दिवस पर सरकार को अपनी मुख्य मांग पर ध्यान देना चाहिए और केंद्र की नीति को किसी भी हाल में राज्य में लागू नहीं किया जाना चाहिए, ऐसा शिक्षक मधु परांजपे, ताप्ती मुखोपाध्याय ने कहा. संघटनों ने मांग की है कि प्रथम से स्नातकोत्तर स्तर तक निःशुल्क शिक्षा सभी को उपलब्ध कराई जाए. कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा दी जाए और इसलिए विद्यालय से बाहर के विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम लागू किए जाएं. शिक्षा का निजीकरण रोका जाए.

**टाटा स्मारक केंद्र**
**टाटा स्मारक अस्पताल**
(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार अंतर्गत एक अनुदानित संस्थान)
डॉ. ई. बोर्जेस मार्ग, परेल, मुंबई 400 012
**शुद्धिपत्र-I** दिनांक : 06.08.2021
**विषय : टीएमएच हेतु डाटा नेटवर्किंग डिवाइस (कोर स्विचेज) की आपूर्ति हेतु सार्वजनिक निविदा सूचना क्र. 06 टीएमएच/टीएचएम/2021-22/सीएपी/पीटी/0043**
कृपया दि. 30.07.2021 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा क्र. टीएमएच/टीएचएम/2021-22/सीएपी/पीटी/0043 हेतु सार्वजनिक निविदा सूचना क्र. 06 का अवलोकन करें.
कृपया विस्तृत शुद्धिपत्र, तकनीकी विनिर्देशनों में वृद्धि आदि के लिये टीएमसी वेबसाइट https://tmc.gov.in का अवलोकन करें.
क्रय अधिकारी

**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021
**सूचना**
शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण-पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो जाएँगे. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण-पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर/बॉण्ड की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर/बॉण्ड के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के अंतरण अभिकर्ता, मे. एलेंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालाँ एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055, (ई-मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.

**भारतीय स्टेट बैंक**

| क्र. सं. | फोलियो सं. | धारक(कों) का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या | | विशिष्ट संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | से | तक |
| 1 | 05060962 | दिलीप चिमनलाल मशरूवाला उषा दिलीप मशरुवाला | 500 | 219558 | 219558 | 7457024441 | 7457024940 |
| 2 | 07504898 | सत्यनारायण प्रजापति | 140 | 6304963 | 6304963 | 8058836729 | 8058836868 |
| 3 | 00769319 | टीका राम | 530 | 50596 | 50597 | 7385481291 | 7385481820 |
| 4 | 01196861 | नितेश सेन | 500 | 123106 | 123106 | 7407883171 | 7407883670 |
| 5 | 02145250 | ए जुलैहा | 500 | 175504 | 175504 | 7434704821 | 7434705320 |
| 6 | 00815378 | सुनील रतन बख्शी विजय बख्शी | 530 | 68673 | 68674 | 7389904851 | 7389905380 |
| 7 | 07124364 | एस कृष्णा मूर्ति | 800 | 237490 | 237490 | 7464166051 | 7464166850 |
| 8 | 07506787 | सुरेश पनवार | 560 | 6306849 | 6306849 | 8059352673 | 8059353232 |
| 9 | 01845296 | विजयलक्ष्मी गोट्टीपति | 500 | 156814 | 156814 | 7425133761 | 7425134260 |
| 10 | 02314295 | एस गुरदेव सिंह | 500 | 190261 | 190261 | 7442331231 | 7442331730 |
| 11 | 01663519 | शुभदा मोहन मजगांकर | 170 | 149708 | 149709 | 7421519841 | 7421520010 |
| 12 | 07410748 | जनार्दन पिल्लै एस | 440 | 6211305 | 6211305 | 8012991214 | 8012991653 |
| 13 | 07406245 | शशिकला वासुकुट्टन पिल्लै वसुकुट्टन पिल्लै टी कोल्लमाला राघ | 220 | 6206926 | 6206926 | 8011884885 | 8011885104 |
| 14 | 07507983 | छगन लाल खत्री | 140 | 6308045 | 6308045 | 8059600393 | 8059600532 |
| 15 | 01149568 | अशोक कुमार अवस्थी | 670 | 119170 | 119171 | 7405869641 | 7405870310 |
| 16 | 00910868 | फेलिक्स डी क्रूज शांति डी क्रूज | 680 | 103545 | 103546 | 7398511331 | 7398512010 |

**उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/- के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).**
**स्थान:** मुंबई शेयरों की संख्या: 7380 महाप्रबंधक
**दिनांक:** 10.08.2021 प्रमाण पत्रों की संख्या: 21 (शेयर एवं बांड)

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट्स प्रा. लि. हेतु लेसी, नवभारत प्रेस लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विनोद माहेश्वरी द्वारा नवभारत भवन, प्लॉट नं. 13, सेक्टर-8, सानपाड़ा (पूर्व), नवी मुंबई- 400 705 से मुद्रित तथा 189-ए, आनंद कॉम्पलेक्स, एस.जी. मार्ग, चिंचपोकली, मुंबई - 400 011 से प्रकाशित. एडिटर इन चीफ- विनोद माहेश्वरी, प्रबंध सम्पादक- निमिष माहेश्वरी. वर्ष 24 अंक 296 RNI Reg. No. 66960/97 To post without prepayment Regr. No. 29, Licence No. 6. मुंबई ■ फोन : 022-49642309 फोन : 27756117/ 27756119 दिल्ली : 011- 233 54 237/8. ■ E-Mail-mumbainbp@gmail.com (गोवा के लिए एयर सरचार्ज-1 रुपए).